IDBI BANK

‘विकास प्रभा’ श्रेष्ठ गृह पत्रिका पुरस्कार से सम्मानित

आईडीबीआई बैंक की हिन्दी त्रिमासिक पत्रिका **"विकास प्रभा"** को मुंबई महानगर की अग्रणी सुप्रसिद्ध-साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था **"आशीर्वाद"** द्वारा आयोजित 31वां आशीर्वाद राजभाषा पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ गृहपत्रिका के रूप में चुना गया. यह पुरस्कार मंगलवार 26 सितंबर 2023 को जे. बी. हॉल, एनएफ़डीसी-फिल्म्स डिवीजन कॉम्प्लेक्स, मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में ग्रहण किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मा. मंत्री, कौशल्य विकास, उद्यमिता, महाराष्ट्र राज्य तथा पालक मंत्री, मुंबई उपनगर उपस्थित हुए.

लेखिका व कवयित्री डॉ. मंजू लोढ़ा, अभिनेता श्री अखिलेन्द्र मिश्रा और सुप्रसिद्ध गायक श्री उदित नारायण से पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री संजय सिंह (उप महाप्रबंधक), श्री अब्दुल अज़ीज़ (प्रबंधक) एवं श्री संदीप पासवान (सहायक प्रबंधक) राजभाषा